पुल से टकराई नैनो दो युवकों की मौत

हमीरपुर बाईपास पर तेज रफ्तार से हुआ हादसा

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

बाईपास पुल पर हुई दुर्घटना में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

हमीरपुर के बाई पास पर वीरवार रात पुल की रेलिंग से कार की टक्कर होने से दो युवकों की मौत हो गई। घर से मात्र 300 मीटर की

◆ वीरवार रात को शादी से लौट रहे थे युवक

दूरी पर पेश आए इस हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। इस सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल ने टांडा में अंतिम सांस ली। दोनों ही युवक बजूरी पंचायत के लुहारड़ा से संबंध रखते हैं। मृतकों में एक युवक पढ़ाई कर रहा था, जबकि दूसरा बैंक का कर्मचारी बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक लुहारड़ा गांव के नीरज कुमार व राहुल राणा वीरवार रात शादी समारोह के लिए अपनी नैनो कार (एचपी-22वी 9291) से रवाना हुए। खग्गल से डूग्गा के समीप लाहड़ के लिए बारात गई थी। बारात से रात दोनों घर वापस आ रहे थे कि उनकी गाड़ी बाई-पास पर दुर्घटना का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात करीब बारह बजे तेज रफ्तार से आ रही नैनो कार पुल की रेलिंग से टकरा गई। इसमें सवार नीरज राणा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक राहुल को गंभीर चोटें आई। घायल ने टांडा में दम तोड़ गया। नीरज कुमार इकलौता बेटा था। पिता शादी समारोह में रसोइयों के साथ बतौर हैल्पर कार्य करता है। गरीब परिवार में उस समय खुशी की रौनक हो गई, जब नीरज को बैंक में बतौर चतुर्थ श्रेणी नौकरी मिल गई। अवाहदेवी में चल रहे एक बैंक में नीरज अपनी सेवाएं दे रहा था। गरीब परिवार में सरकारी नौकरी लगते ही मां-बाप को उम्मीद हो गई कि अब बुरे बक्त से छुटकारा मिल गया। बेटे की शादी करवा दी। तीन माह पहले पोती भी हो गई। घर की खुशियों से अचानक वक्त ने मुंह फेर लिया।

तीन महीने की बेटी के सिर से उठा बाप का हाथ

सुरेश कुमार। हमीरपुर

हमीरपुर बाईपास में पेश आए हादसे में मां-बाप का इकलौता सहारा छिन गया। वहीं तीन माह की बेटी के सिर से बाप का हाथ उठ गया। गरीब परिवार से संबंध रखने वाले नीरज शर्मा का करीब एक वर्ष पहले विवाह हुआ था। तीन माह पहले घर में बेटी पैदा हुई। परिवार में आई खुशियों पर ऐसी काली नजर पड़ी कि खुशियां तो कोसों दूर हो गई। वहीं मां-बाप का सहारा छिन गया,,पत्नी का सुहाग उजड़ गया, तो दुधमुहीं बच्ची के सिर से बाप का हाथ उठ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

बमसन लगवालती को सीएम ने दिए तोहफे

सुजानपुर। सुजानपुर ब्लॉक समिति के उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर ने कहा है कि भाजपा ने हमेशा बमसन व लगवालती क्षेत्र की अनदेखी की है। वीरभद्र सिंह ने इस क्षेत्र की जनता को हमेशा विकास के तोहफे प्रदान किए। शुक्रवार को जारी एक बयान में ठाकुर लेखराज ने कहा की बमसन लगवालती क्षेत्र में प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार के समय जनता को कोई रेस्ट हाउस नहीं मिला और एकमात्र रेस्ट हाउस पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपने ही गांव में खोला गया, जबकि मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह इस क्षेत्र की जनता की मांग पूरी करते हुए वीरवार को ऊहल में न केवल लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का शिलान्यास किया, बल्कि इसके लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये की राशि भी प्रदेश सरकार ने स्वीकृत कर दी है।

मुख्यमंत्री ने वर–वधू को दिया आशीर्वाद

नादौन। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह वीरवार शाम को नादौन के प्रतिष्ठित सोने के व्यापारी प्रभात चौधरी के छोटे बेटे सचित के शादी समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बाराती के रूप में बारात में शामिल हुए तथा कोहला में वधु पक्ष के घर पहुंचे। करीब एक घंटा वे शादी समारोह में शामिल हुए। शादी समारोह में पहुंचने पर स्थानीय पंचायत प्रधान बालक राम ने मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया। सीएम ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया तथा समारोह से विदा ली। इस अवसर पर उनकेसाथ पूर्व सांसद चन्द्र कुमार, केसीसी बैंक के वाईस चेयरमैन कुलदीप पठानिया, राज्य प्रदूषण बोर्ड के उपाध्यक्ष बृजमोहन सोनी, विजय ठाकुर, अनिल वर्मा, राजिंद्र राणा, चौ. बिहारी लाल, बबलू चौधरी, शैंकी ठुकराल सहित अन्य कांग्रस पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज्योत्सना आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू

हमीरपुर। मल्टीनेशनल कंपनी में 18 मई, 2017 सुबह 9:30 बजे ज्योत्सना आईटी आई लोहारीं में रोजगार मेला आयोजित करने जा रही है। इसकी जानकारी कंपनी के एचआर प्रकाश चंद ने ई-मेल द्वारा ज्योत्सना आईटीआई के प्रबंध निदेशक जेके चौहान को दी। कंपनी इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों का एक वर्ष अप्रेंटिशिप के लिए चयन करेगी। साक्षात्कार में 2017 में कोर्स पूरा करने वाले प्रशिक्षु भी भाग ले सकते हैं। कंपनी द्वारा चयन करने पर वह कोर्स पूरा होने के बाद ज्वाइन कर सकते हैं। चयन लिखित परीक्षा व व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा किया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान कंपनी 7000 मासिक स्टाइफंड देगी। जरूरतमंद प्रशिक्षु कैंपस इंटरव्यू में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।

बणी में खुले शराब के ठेके का विरोध

उपायुक्त कार्यालय के बाहर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

उपायुक्त कार्यालय के बाहर महिलाओं ने जमकर प्रदर्शन किया।

बड़सर के बणी में खुली शराब की दुकान का लोगों ने विरोध जताया है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर यह दुकान खोली गई हैं, वहां पर निवासीय स्थल है। लिहाजा इस

◆ दूसरी जगह ठेके को स्थानांतरित करने की मांग

दुकान को यहां से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। शुक्रवार दोपहर बाद उपायुक्त कार्यालय के बाहर बणी क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने एकत्रित होकर इस शराब की दुकान को यहां से स्थानांतरित करने की मांग की। महिलाओं का तर्क था कि जहां पर शराब की दुकान खोली गई है वह निवासीय स्थल है। यहां से दिन भर लोगों को आना-जाना बना रहता है। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब कोई महिला या लड़की इस रास्ते से गुजरती है और शराब के नशे में धुत्त लोग उन्हें मिल जाते हैं। यहां पर अकसर लग रहे जमावड़े का विपरित असर भावी पीढ़ी पर पड़ रहा है। लिहाजा इन महिलाओं ने मांग उठाई कि यहां से शराब की दुकान को साथ ही एकांत स्थल पर तबदील किया जाए। उपायुक्त हमीरपुर को महिलाओं ने ज्ञापन सौंप कर समस्या के हल की मांग की है।

सुजानपुर ने सीएम से जो मांगा वो सब कुछ मिला

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से सुजानपुर के लोगों ने जो मांगा है वो सब मिला है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अथाह विकास हुआ है, जो कि पिछले पचास वर्षों में भी संभव नहीं हो पाया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में लाखों रुपये के विकास कार्यों के उद्घाटन तथा शिलान्यास किए हैं, वहीं पर स्वास्थ्य उपकेंद्र चबूतरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तरोन्नत करने की मांग को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चमियाणा में खेल के मैदान के निर्माण तथा सुजानपुर में 500 लोगों के लिए टाउनहाल अथवा ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग पर भी सहमति जताई। उन्होंने जंदडु होते हुए ऊहल से दिल्ली के लिए बस सेवा आरंभ करने की क्षेत्र के लोगों की मांग को भी स्वीकृति प्रदान की। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत डेरा में सुजानपुर से चौरी संपर्क सड़क, ग्राम पंचायत चलोह में चलोह से दौलतराम मुकेश के घर तक संपर्क सड़क, ग्राम पंचायत चारियां दी धार में भराइयां दी धार से गांव लांबर संपर्क सड़क को चौड़ा व पक्का करने की मांगों पर भी अपनी सहमति जताई है। बीडीसी की अध्यक्ष अनु कुमारी, उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, महासचिव राजकुमार ने सुजानपुर में विकास के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

◆ राजेंद्र राणा बोले चार साल में प्रदेश में हुआ विकास

कहीं पानी के लिए संघर्ष, तो कहीं बह रहा व्यर्थ

बलेटा कलां, बलेटा खुर्द में आईपीएच विभाग ने की छापेमारी

हिमाचल दस्तक। कांगू

कांगू सबडिविजन धनेटा के अंतर्गत अनुभाग कांगू कनिष्ठ अमित कुमार ने अपनी टीम के साथ पेयजल आपूर्ती योजना बलेटा कलां खुर्द के अंतर्गत गांव बलेटा कलां व बलेटा खुर्द में छापेमारी की। इसमें उपभोक्ताओं को टुल्लू पंप लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। गर्मियों में स्कीम के सोर्स में आ रही कमी को देखते हुए विभाग उपभोक्ताओं को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रहा है। कनिष्ठ अभियंता कांगू अमित कुमार ने लोगों से आग्रह किया है कि गर्मियों में पानी का दुरुपयोग न करें व पानी की सप्लाई के साथ टुल्लू पंप न लगाएं। उन्होंने टुल्लू पंप धारकों को चेतावनी दी है कि अगर कोई भी उपभोक्ता टुल्लू पंप लगाता पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टुल्लू पंप लगाने वाले उपभोक्ता का कनेक्शन 6 महीने के लिए सीज कर दिया जाएगा। उन्होंने बलेटा खुर्द में टुल्लू पंप लगाने वालों को रंगे हाथों पकड़ने पर भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस मौके पर उनके साथ सुरेश कुमार, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर सहायक अभियंता धनेटा हरभजन सिंह ने कहा है कि सबडिविजन धनेटा के अंतर्गत आने वाली स्कीमों के अधीन पड़ने वाले गांवों में छापेमारी की जाएगी।

◆ रंगे हाथ टुल्लू पंप लगाने वाले उपभोक्ता को चेतावनी देकर छोड़ा

4 टुल्लू पंप जब्त

नादौन। गर्मियों के मौसम में पेयजल की किल्लत रहती है तथा लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना आईपीएच को भारी पड़ता है। आईपीएच विभाग के कनिष्ठ अभियंता बलदेव चौधरी ने जडौत में पेयजल दिक्कत को दूर करने के लिए जब औचक छापेमारी की तो चार लोगों को टुल्लू पप लगाकर पेयजल का दुरुपयोग करते हुए पकड़ा। चौधरी ने चारों टुल्लू पंप पाइपों समेत जब्त कर लिए तथा पेयजल का दुरुपयोग करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई पेयजल का दुरुपयोग करता हुआ पकड़ा गया तो नलों के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

किसानों की तर्ज पर छात्रों के भी माफ हों शिक्षा ऋण

हिमाचल दस्तक। नादौन

उत्तर प्रदेश के किसानों के ऋण माफी की तर्ज पर प्रदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के शिक्षा ऋण भी माफ करने की मांग उठने लगी है। इसे लेकर प्रदेश भर के महाविद्यालयों और अन्य उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में छात्रों को जागरूक करने के लिए एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रतिनिधि सुनील कुमार गोल्डी ने सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। महाविद्यालय में छात्रों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोल्डी ने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे 20 हजार ऐसे छात्र हैं, जो शिक्षा ऋण के बोझ तले दबे हैं। आज प्रदेश में ऐसे युवाओं की तादाद बहुत है, जो उच्च शिक्षा के लिए ऋण को मोहताज हैं, लेकिन उन्हें डर भी रहता है कि शिक्षा ऋण के बोझ तले दब न जाए। गोल्डी ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में 36 हजार करोड़ रुपये का किसानों का ऋण माफकिया गया है, वैसे ही प्रदेश में शिक्षा ऋण की प्रक्रिया सरल बनाने और ऋण माफी की मांग की है।

◆ एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

अंडर–19 टीम के लिए ट्रायल 21 को

नादौन। अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम नादौन में 21 मई को जिला अंडर–19 टीम के लिए ट्रायल आयोजित किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि ट्रायल प्रक्रिया वेयरमैन सुशील राणा की देखरेख में पूरी की जाएगी।

एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम) CIN NO: L40101HR1975GOI032564
पार्वती पावर स्टेशन-III, सीएंडडी कॉम्पलेक्स बिहाली, पो.-लारजी, जिला-कुल्लू (हि.प्र.)-175122 Tel. (01905)-209384, Fax. (01903)-235102, Email: phep3contract@rediffmail.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रेस नोट)

पत्र संख्या: एनएच/पीपीएस-III/एनआईटी/पीआर 11916/227/1 दिनांक : 11.05.2017

एनएचपीसी लि. के लिए और की तरफ से निम्नलिखित कार्य के लिए पात्र घरेलू बोलीदाताओं के जरिए खुली निविदा आधार पर ऑनलाइन बोलिया आमंत्रित हैं : "पार्वती–III पॉवर स्टेशन में सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराना" ई–निविदा पहचान सं. 2017_एनएचपीसी_201673_1 पैकेज संख्या पीआर11916/227/1 के जरिए आगंत्रित, अनुमानित लागत : रु. 68,05,401 (सेवा कर सहित लेकिन ईपीएफ और ईएसआई को छोड़कर) सम्पूर्ण निविदा कागजात पोर्टल http://eprocure.gov.in/eprocure/app के जरिए डाउनलोड और जमा कराए जा सकते हैं। यह साइट एनएचपीसी की वैबसाइट www.nhpcindia.com के ई–खरीद कॉर्नर और सीपीपी पोर्टल के जरिए भी देखी जा सकती है। ऑनलाइन बोलियां जमा कराने की अंतिम तिथि और समय 06.06.2017 को 1600 बजे घंटे तक तथा ऑफलाइन कागजात के लिए 07.06.2017 को 1600 घंटे तक है। अधिक विवरण के लिए कृपया http://eprocure.gov.in/eprocure/app देखें।

हस्ता/-
वरि. प्रबंधक (सी एण्ड पी)

ब्रीफ न्यूज

पनोह के प्रधान कांग्रेस में शामिल

सुजानपुर। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजेंद्र राणा ने बताया कि पनोह पंचायत के प्रधान विजय कुमार ने चौरी में सीएम की मौजूदगी में कांग्रेस ज्वाइन की गई। इस दौरान विजय कुमार ने बताया कि सुजानपुर तथा उनकी पंचायत पनोह में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्यों को नया रूप दिया गया है जिसके फलस्वरूप ही कांग्रेस को ज्वाइन करने का निर्णय लिया गया है। बीडीसी के उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर ने विजय कुमार का कांग्रेस ज्वाइन करने पर स्वागत करते हुए कहा कि सुजानपुर क्षेत्र की सभी पंचायतों को विकास कार्यों में तव्वजो दी जा रही है जिसके चलते ही पंचायत प्रतिनिधि भी राजेंद्र राणा की अगुवाई में अपना समर्थन दे रहे हैं।

जान से मारने की धमकी दी

सुजानपुर। सुजानपुर में साफ सफाई को लेकर दो परिवारों में गाली-गलौज हो गई। सुजानपुर के गांव जोल लंबरी की रहने वाली कुशला कुमारी ने सुजानपुर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि गांव में सफाई अभियान के तहत कार्यक्रम चला हुआ था। गांव वासी रास्ते की साफ सफाई कर रहे थे। वहां रह रहे एक प्रवासी परिवार को कूड़ा-कर्कट न फैलाने की नसीहत दी। इस पर प्रवासी परिवार से संबंध रखने वाले विलास और उसके लड़के ने उक्त महिला को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

गुर्याह में पशुओं का चैकअप 18 को

गलोड़। गलोड़ पशु पालन विभाग के सौजन्य से ग्राम पंचायत गलोड़ खास के गांव गुर्याह में 18 मई को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पशुओं के प्रजनन एंव गर्भाश्य से संबंधी रोगों का चैकअप किया जाएगा। पशु पालन विभाग गलोड़ के चिकित्सक सुरजीत सिंह ने इसकी जानकारी दी।

मॉडल स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

बड़सर। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बाबा बालक नाथ ट्रस्ट द्वारा सचांलित माडल स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्कूल के मुख्याध्यापक सुभाष शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। स्कूल के छात्र अंकित सांख्यान ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, मनीष शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा मिथुन धीमान ने 91 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी है। उहोंने इस सफलता का श्रेय न्यास प्रशासन व परिश्रमी अध्यापकों को दिया है।

नादौन में उखाड़ी गुग्गा जाहर वीर की मूर्तियां

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन शहर के वार्ड छह में स्थित गुग्गा जाहर वीर की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ दिया। इससे स्थानीय लोग भड़क गए हैं। मंदिर के पुजारी मनोहर लाल, प्रेम कुमार ने बताया कि शुक्रवार प्रातः जब लोग पास में स्थित कुएं में पानी भरने आए तो उन्होंने खंडित मूर्तियों को देखा, जिसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। लोगों ने देखा कि मंदिर स्थल पर सभी मूर्तियों को तोड़कर खंडित भागों को पास ही पिपल के पेड़ के लिए बनाए गए चबूतरे पर रख दिया गया था। इससे काफी तनाव पैदा हो गया। स्थानीय लोगों दलीप सिंह, बलवंत, प्रकाश, सन्नी, आशु, दविन्द्र, रखा राम, जीवन, जौनी, सुरेश, मनोज, अवनीत, राजीव, कुलदीप आदि ने बताया कि करीब 60 वर्ष पूर्व एनएच किनारे इस गूगा मंदिर की स्थापना की गई थी। यहां लोगों की गहरी आस्था है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पूर्व भी शरारती लोगों ने मंदिर के अन्य सामान को तोड़ा दिया था। अब स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उनकी आस्था को चोट पहुंचाने वाले तथा ऐसा घृणित कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी सतीश शर्मा ने बताया कि सारे प्रकरण की गहराई से जांच करवाई जाएगी।

◆ वार्ड नंबर छह में शरारती तत्वों ने खंडित की मूर्तियां

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT
CATERING TECHNOLOGY AND APPLIED NUTRITION, HAMIRPUR
Affiliated to the National Council for Hotel Management & Catering Technology Noida
Vill Sasan, PO Jhanirari , Hamirpur (HP)– 177001 (Ph. 01972-218318)

प्रवेश सूचना

होटल प्रबन्धन संस्थान (IHM), हमीरपुर द्वारा डेढ़ वर्षीय Craft Course/ Diploma के पाठ्यक्रम सत्र 2017-18 के लिए आवेदन आमन्त्रित किए जाते है। विभिन्न पाठ्यक्रमों का विवरण निम्नतः है:–

Sl	Name of Course	Total No. of Seats	Category wise break-up of seats	Eligibility	Maximum age as on 01-07-2017 Gen/OBC	SC/ST
1	Craftsmanship Certificate Course in Food Production and Patisserie (CCCFP)	30	Gen =22, SC =05, ST =02, PH =01, Total =30	10th With English as compulsory subject	22 years	25 years
2	Diploma in Food & Beverage Service (DFBS)	30		10+2 With English as compulsory subject	25 years	28 years

आवेदन कैसे करें :–
आवेदन पत्र संस्थान की वैबसाइट www.sihmhamirpur.org से डाउनलोड किए जा सकते हैं अथवा होटल प्रबन्धन संस्थान (IHM), हमीरपुर से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।
पूर्णरूप से भरे गए आवेदन पत्र 16.06.2017 सांय 05:00 बजे तक संस्थान में जमा करायें। आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क Rs.400/- (Gen/OBC), Rs.300/- (SC/ST/PH) का Demand Draft संलग्न करें जो कि Principal IHM, Hamirpur के पक्ष में हो तथा Hamirpur में देय हो।

चयन की प्रक्रिया:–
विद्यार्थियों का चयन क्राफ्ट कोर्स (CCCFPP) के लिए दसवीं कक्षा में प्राप्त अंकों तथा डिप्लोमा कोर्स (DFBS) के लिए 10+2 कक्षा में प्राप्त अंकों की योग्यता के आधार पर किया जाएगा। चयन के लिए नीचे दिए गए विवरणानुसार अतिरिक्त अंक दिये जायेगें :–
- 1 वर्ष क्राफ्ट कोर्स किसी भी मान्यता प्राप्त खानपान संस्थान/फूड क्राफ्ट संस्थान : 3% अंक
- स्कूल/कॉलेज का खेलकूद में राजकीय स्तर पर प्रतिनिधित्व : 3% अंक
- स्कूल/कॉलेज का खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व : 5% अंक

चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की अंक प्रतिशतता समान होने पर उनका चयन अंग्रेजी विषय में प्राप्त अंकों की योग्यता के आधार पर किया जाएगा। यदि अंग्रेजी विषय में भी अंक समान होंगे तो ज्यादा उम्र के विद्यार्थी को प्राथमिकता दी जाऐगी।

महत्वपूर्ण तिथियां :–
- पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि : 16.06.2017, 05:00 बजे तक
- सीट आबंटन का प्रथम चरण : 20.06.2017
- फीस जमा करने की तिथि(प्रथम चरण में आबंटित सीटों के लिए) : 20.06.2017 to 29.06.2017
- सीट आबंटन का दूसरा चरण (रिक्त सीटों के आधार पर) : 30.06.2017
- फीस जमा करने की तिथि (दूसरे चरण में आबंटित सीटों के लिए) : 30.06.2017 to 07.07.2017
- कक्षाओं के प्रारम्भ की तिथि : 17.07.2017

प्राचार्य
होटल प्रबन्धन संस्थान, हमीरपुर

INOX WIND LIMITED

Regd. Off.: Plot No.1, Khasra No. 264 to 267, Industrial Area, Village-Basal, Distt. Una-174303 (H.P.)
CIN: L31901HP2009PLC031083 | Tel./ Fax: 01975 272001 | E-mail: investors.iwl@inoxwind.com | Website: www.inoxwind.com

EXTRACT OF AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2017

(Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 31-03-2017	Quarter ended 31-03-2016	Year ended 31-03-2017	Year ended 31-03-2016
1	Total Income from operations	101,922	184,018	341,500	445,067
2	Net Profit / (Loss) for the period before tax	18,834	29,176	42,681	64,940
3	Net Profit for the period after tax	12,754	20,112	30,329	46,117
4	Total Comprehensive Income for the period (Comprising profit for the period after tax and Other Comprehensive Income after tax)	12,704	20,110	30,276	46,111
5	Reserves excluding revaluation reserves			196,757	166,491
6	Paid-up equity share capital (face value Rs. 10 per share)	22,192	22,192	22,192	22,192
7	Earnings per share (face value of Rs.10/- each) (not annualized)				
	a) Basic (Rs)	5.75	9.06	13.67	20.78
	b) Diluted (Rs.)	5.75	9.06	13.67	20.78

Notes:
1. The above consolidated results were reviewed by the Audit Committee and were approved by the Board of Directors at its meeting held on 12th May, 2017. The Statutory Auditors of the Company have carried out the audit and have issued their unmodified opinion on the financial statements.
2. The above results are an extract of the detailed format of Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Annual Financial Results are available on the Stock Exchanges' website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.inoxwind.com).
3. Information on Standalone Financial Results: (Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 31-03-2017	Quarter ended 31-03-2016	Year ended 31-03-2017	Year ended 31-03-2016
1	Total income from operations	65,787	152,506	286,322	387,977
2	Net Profit / (Loss) for the period before tax	9,666	23,708	34,794	66,363
3	Net Profit / (Loss) for the period after tax	6,876	16,979	25,633	47,646

4. The Company had made an Initial Public Offer (IPO) during the year ended 31.03.2015, for 3,19,18,226 equity shares of Rs. 10 each, comprising of 2,19,18,226 fresh issue of equity shares by the Company and 1,00,00,000 equity shares offered for sale by Gujarat Fluorochemicals Limited (GFL), the Company's Holding Company. The equity shares were issued at a price of Rs. 325 per share (including premium of Rs. 315 per share), subject to a discount of Rs. 15 per share for eligible employees of the Company and retail investors. Out of the total proceeds from the IPO of Rs. 102,053 Lakh, the Company's share was Rs. 70,000 Lakh from the fresh issue of 2,19,18,226 equity shares. Fresh equity shares were allotted by the Company on 30th March, 2015 and the shares of the Company were listed on the stock exchanges on 9th April 2015.

Details of utilization of IPO Proceeds are as follows:- (Rs. in Lakhs)

Sr. No.	Objects of the issue as per the Prospectus	Total Amount to be spent	Total Amount spent/ Utilized upto 31-03-2017	Amount pending Utilization
1	Expansion and up-gradation of existing manufacturing facilities	14,748	4,255	10,493
2	Long term working capital requirements	29,000	29,000	-
3	Investment in subsidiary, IWISL for the purpose of development of Power evacuation infrastructure and other infrastructure development	13,154	7,001	6,153
4	Issue related expenses	3,733	3,223	510
5	General Corporate Purposes	9,365	9,365	-
	Total	70,000	52,844	17,156

Unspent amount is kept in fixed deposits with banks as under:- (Rs. in Lakhs)

Particulars	Amount
Fixed deposits with banks	17,604
Total	17,604

For and on behalf of the Board of Directors
For Inox Wind Limited
Sd/-
Devansh Jain
Whole-time Director

Place: Noida
Date: 12th May, 2017